**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 04 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक– 06.11.2023**

**दिनांक 05/06.11.2023 को रात्रि थाना आशियाना 02, पीजीआई 02 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना नगराम 03 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 04 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 उत्तरी**

**जुआ खेलते समय गिरफ्तार।**

**थाना विकासनगर**–दिनांक 05.11.2023 को एस0आई0 श्री विजय नारायण पाठक थाना विकासनगर द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01.आलोक पुत्र रमेश निवासी–418 शेखुपुरा कालोनी थाना विकासनगर, लखनऊ 02.अर्शलान पुत्र बेसकरम निवासी–532बी/054 चर्च रोड विकासनगर, लखनऊ 03.विशाल सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी–4/788 विकासनगर, लखनऊ 04.रविन्द्र सिंह पुत्र राम किशन सिंह निवासी विष्णुपुरी कालोनी अलीगंज थाना विकासनगर लखनऊ को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान विष्णुपुरी कॉलोनी के पास सड़क किनारे, चौहान ढाबा, विकासनगर से गिरफ्तार किया गया, **जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते, मालफड़ में 3,250/–रूपये नगद व जामातलाशी में 3,000/–रूपये नगद बरामद कर थाना विकासनगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया।**

**भा0द0वि0**

**थाना गुडम्बा**–दिनांक 06.11.2023 को थाना गुडम्बा द्वारा बताया गया कि वादी जय प्रकाश पुत्र रामफेर निवासी–म0नं0 15बी, आदिलनगर, वसुन्धरा बिहार कालोनी थाना गुडम्बा, लखनऊ ने थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि अपनी बुआ श्रीमती कुमकुम पत्नी गौतम कुमाराव अपने चचेरे भाई बहन के साथ उक्त आवास पर रहता है। दिनांक 24.10.2023 को वादी की बुआ अपने दोनों बच्चों के साथ दिन में समय करीब 12.00 बजे अपने मायके ग्राम मखनहां थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ अपने भाई के सगाई में गयी थी। वादी लखनऊ में होण्डा बिग विन्ग में नौकरी करता है। वापदी की बुआजी अपने गांव जाते समय घर की चाबी वादी को देकर ओला करके चली गयी थीं। वादी करीब 08.00 बजे रात्रि को अपनी ड्यूटी से अपने घर पर आया और वादी ने अपनी बुआ के गांव जाने के लिए एक इनोवा गाड़ी बुक किया था, तैयार होकर वादी अपने घर को अच्छे से चेक सभी ताले बन्द कर समय करीब 10.00 बजे रात्रि को अपनी बुआ के यहां चला गया। दिनांक 25.10.2023 को जब वादी अपनी बुआ व उनके दोनों बच्चों के साथ अपने लखनऊ स्थित आवास पर वापस आया और मेन गेट का ताला खोलकर घर के अन्दर गया तो देखा कि घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा है, दरवाजे व आलमारी खुले थे। वादी के घर में घुसकर घर में रखे कीमती जेवरात व नगदी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0– 435/2023 धारा– 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना पारा–दिनांक** 06.11.2023 को थाना पारा द्वारा बताया गया कि श्री दीपक गौतम पुत्र लेखराम गौतम निवासी–ग्राम सरोसा भरोसा थाना पारा लखनऊ ने थाना पारा पर सूचना दिया कि आज दिनांक 05/06.11.2023 को समय करीब 01.00 बजे रात्रि में उसकी बहन प्रिन्सी ने ऊपर वाले कमरे में जाकर देखा तो उसके भाई अश्विनी उर्फ सूरज उम्र करीब 35 वर्ष ने छत में लगे पंखे से सफेद चादर का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री विकास यादव मो0नं0– 9528080904 थाना पारा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक मजदूरी करता था।

**<u>थाना गोमतीनगर</u>**–दिनांक 06.11.2023 को थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी–3/12ए विशालखण्ड, थाना गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि दिनांक 05.11.2023 को वादी की पत्नी श्रीमती सीमा श्रीवास्तव के एसबीआई बैंक के बचत खाते का नया एटीएम आया था, जिसे लेकर वादी नये डेबिट कार्ड का पिन नम्बर सेट करने के लिए समय करीब 11.15 बजे दिन में शंकर चौराहे पर गया था। अपना कार्ड लगाकर वादी ने प्राप्त मैसेज के अनुसार ओटीपी डाला और एक बार में मैसेज न आने पर वहां गार्ड टाईप का एक लड़का जो खड़ा था उसने वादी का कार्ड फिर से लगाया और पलक झपकते ही वादी का डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में दो बार ट्रांजैक्शन न होने पर जब वादी ने ध्यान से देखा तो कार्ड बदला था। वादी तुरंत बाहर निकलकर देखा तो उक्त अज्ञात लड़का मौके से भाग गया था। वादी ने तुंरत एस0बी0आई0 बैंक की शाखा में जाकर खात व कार्ड ब्लाक कराया लेकिन इसी बीच उस व्यक्ति द्वारा जू गेट पार्क रोड एटीएम बूथ से वादी के उक्त कार्ड से 10–10 हजार रूपये तीन बार में कुल 30,000/–रूपये निकाल लिये गये। **इस सूचना पर थाना गोमतीनगर पर मु0अ0सं0– 642/2023 धारा– 406/420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना हजरतगंज**–दिनांक 06.11.2023 को थाना हजरतगंज द्वारा बताया गया कि श्री अमन तिवारी पुत्र जय प्रकाश तिवारी निवासी–बुद्धेश्वर आदर्श विहार, सुदामा होटल के पीछे थाना पारा, लखनऊ ने थाना हजरतगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 06.11.2023 को उसके पिता जयप्रकाश तिवारी पुत्र लल्लू प्रसाद तिवारी उम्र करीब वर्ष उपरोक्त ने घर से काम के लिये 4, पार्क रोड विधायक निवास स्थित कैंटीन थाना हजरतगंज लखनऊ गये थे। उसे जरिये दूरभाष सूचना प्राप्त हुयी कि उसके पिता जयप्रकाश तिवारी उपरोक्त ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री प्रमोद कुमार यादव मो0नं0 7839860919 थाना हजरतगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 06.11.2023 को समय करीब 08.00 बजे सुबह जयप्रकाश तिवारी उम्र करीब 50 वर्ष उपरोक्त ने उक्त कैंटीन की छत में लगे लोहे के एंगल से नायलॉन की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। मृतक राज्य संपत्ति विभाग में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था, जो कि वर्तमान में उक्त कैंटीन में ड्यूटी कर रहा था। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है।